तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा, प्यार से इंकार...



14 विद्युत वितरण कंपनी ने रजत जयंती पर धूमधाम से...



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज





बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### निकली प्रभात रैली और बनाई मानव श्रृंखला

**कांकेर।** जिला स्तरीय हमर लक्ष्य योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर में प्रभात रैली एवं हमर लक्ष्य 100 प्रतिशत मानव श्रृंखला बनाया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य भुनेश मंडावी, प्रधान अध्यापिका शांति रंगारे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, कीर्ति सागर पटेल, अनीता पांडेय, मधुलिका कलिहारी, हेमलता जैन, रंजना वट्टी, दिव्या प्रभा साहू, कुम्पा देवी नायक, मनीता सलाम, गौरव कुमार, मोना दीवान व कौशल मंडावी उपस्थित रहें।

### रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहत्तर में हमर लक्ष्य विशेष रैली निकाली गई। रैली में मुख्यरूप से हमर लक्ष्य कार्यक्रम के सशक्त क्रियान्वयन, जन जागरूकता तहत एवं व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य को लेकर गाँव-गाँव घर-घर एवं जन-जन पहुँचाने के लिए विशेष रैली का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित होकर स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### कुश्ती स्पर्धा के लिए नीरज का हुआ चयन

**कांकेर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन पहली बार छत्तीसगढ़ की मेजबानी में होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए मेजबान टीमों का चयन कर लिया गया है, जिसमे कुश्ती फुटबॉल हॉकी वेटलिफ्टिंग एथेलेटिक्स तीरंदाजी और तैराकी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कबड्डी व मलखंब को प्रदर्शन के रूप में शामिल किया गया है। टूर्नामेंट में नीरज वट्टी का चयन कुश्ती खेल में 60 किलो वजन वर्ग में हुआ है। नीरज शाउमावि जेपरा में व्यायाम शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं तथा वर्तमान में नवीन आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में सहायक कोच के पद में संलग्न हैं ।

### बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर प्रधान आरक्षक निलंबित

**कांकेर।** कांकेर के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने



कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले एक पुलिस कर्मी पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कार्यालय कांकेर के डीसीबी एवं डीसीआरबी शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । शासकीय आदेश के अनुसार, प्रधान आरक्षक विजय कुमार पाण्डेय बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए थे। अनुशासनहीनता के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने 31 जनवरी 2026 को उनके निलंबन का आदेश जारी किया । निलंबन की अवधि के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कार्रवाई : एक्सीडेंट हुई कार में मिली मप्र की अवैध शराब, पुलिस जाँच में जुटी

# शराब की अवैध सप्लाई में संलिप्त ड्राइवर व सहयोगी समेत एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- शराब कहाँ से आई और कहाँ सप्लाई की जानी थी, पुलिस ने किया खुलासा
- पुलिस का कहना है कि जाँच में है मामला, अन्य कई चेहरे की है तलाश

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नाथियनवागांव के पास नौ दिन पहले शराब से भरी स्कार्पियों के चलाने वाले 18 साल के युवा ने स्टेयरिंग पर नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही बोलेरो को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें 2 की मौत हो गई थी और अन्य कई घायल हो गए थे। कांकेर पुलिस ने शराब वाहन को चला रहे वाहन चालक एवं उसके साथी एवं इन दोनो को शराब की डिलेवरी की जगह बताने वाले नाबालिग मास्टरमाईंड को दबोच लिया। पुलिस ने बालिग दो आरोपियों को जेल की सलाखों में भेज दिया, वहीं नाबालिग के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया गया। जानकारी के अनुसार शराब की सप्लाई में शामिल स्कार्पियों क्रमांक सीजी 04 पीआर 4458 का मालिक अवतार कृष्ण बघेल है और इनके पिता कोंडागांव जिले के बोरगांव में शिक्षक है। वाहन मालिक रायपुर में मेडिकल के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहा है। वाहन मालिक ने पुलिस को बताया कि मैने अपनी कार को किराए पर चलाने के लिए ईशान उर्फ शुभम सरकार को दिया। ईशान ने पुलिस को बताया कि यश बोपचे पिता लिलेश्वर उम्र 18 वर्ष निवासी भिलाई सेक्टर 07 को एक दिन के लिए इकरारनामा बनाकर स्कार्पियों को किराए में दिया था। यश बोपचे ने अपने साथी ताहिर अंसारी पिता इरसाद उम्र 25 वर्ष शास्त्री नगर भिलाई जिला दुर्ग के साथ नाबालिक के कहने पर खैरागढ़ की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के क्षेत्र गया था और उसने जिसके पास जाने को बोला, उसके पास से शराब ▶▶|शेष पेज 12 पर



स्कार्पियों में मिली 165 लीटर जब्त हुई थी शराब



यश वोपचे



-ताहिर अंसारी

### बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी का है बेटा

स्कार्पियों वाहन को चलाने वाले आरोपी यश बोपचे और उसका साथी ताहिर के अनुसार मास्टरमाईंड नाबालिग बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी का बेटा है और उसके कहने पर ही शराब लेने गए थे और छोड़ने जा रहे थे। नाबालिग इस अवैध धंधे में कब से कर रहा, इसका खुलासा तब होगा, जब उसके मोबाईल का काल डिटेल निकलेगा। काल डिटेल का पुलिस ने सही ढंग से अध्ययन किया, तभी इस रैकेट का खुलासा हो पाएगा।

### एमपी में सस्ती में मिलती है शराब

नाबालिग ने बताया कि मेरे को पता चला था कि मध्यप्रदेश में शराब सस्ती मिलती है और उसे छत्तीसगढ़में खपाने पर अच्छी कमाई होती है, उसी के आधार पर पहली बार इस धंधे में लिप्त हुआ। विदित हो मध्य प्रदेश से आने वाली अवैध शराब का खुलासा पहली बार नहीं हुआ है, इसके पहले भी चारामा पुलिस बहुत बड़ी खेप पकड़ चुकी है।

### कार्यवाही टीम में यह रहे शामिल

कार्यवाही टीम में कांकेर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू, उपनिरीक्षक सुरेंद्र मानिकपुरी, आरक्षक एवं सायबर सेल की टीम शामिल रही। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जाँच जारी है, इसलिए कई विषयों को अभी गोपनीय रखा गया है। काल डिटेल मिलने के बाद आगे की कार्यवाही जारी रहेगी।

## व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ली शपथ व भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय सामुदायिक भवन में गरिमामय वातावरण में हुआ। सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने व्यापारी संघ के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपएं कि घोषणा करते हुए कहा कि व्यापारी संघ के हित में भविष्य में होने वाले प्रत्येक कार्य में वे सदैव साथ खड़ी रहेंगी। भानुप्रतापपुर को जिला बनाने के लिए सभी वर्गों को एक मंच पर आकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। शपथ ग्रहण समारोह को एक परिवार जैसा वातावरण बताया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर विशेष अतिथि की आसंदी में रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारी संघ भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा पंचायत स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष आनंद गोपाल कोठारी ने अपने कार्यकाल के खट्टे-मीठे अनुभव साझा करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। व्यापारी संघ के वरिष्ठ संरक्षक, संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष जीवनचंद झाबक ने कहा कि जब भानुप्रतापपुर में मात्र 10-15 दुकानें थीं, तब व्यापारी संघ का गठन किया गया था। आज वही छोटा सा पौधा एक विशाल वृक्ष बन चुका है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि एकता ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पंडरीपानी पुल पर दर्दनाक सड़क हादसा पिता व पुत्र की मौत और दो बेटियां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- तेज रफ्तार सवारी बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी

जिला मुख्यालय कांकेर में शनिवार 31 जनवरी की देर शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। शराब दुकान के पहले पंडरीपानी पुल के पास तेज रफ्तार सवारी बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार पिता और उसके दो वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो नन्हीं बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार सवारी बस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 3690 रायपुर से कांकेर बस स्टैंड की ओर जा रही थी, वहीं बाइक चालक बरदेभाटा से कांकेर शहर की ओर आ रहा था। बाइक पर हाटकोंगेरा निवासी 45 वर्षीय मुकेश मंडावी पिता श्रीराम मंडावी, अपने तीन बच्चों लिशा मंडावी (07 वर्ष), दुर्गेश्वरी मंडावी (05 वर्ष) और खिलेश मंडावी (02 वर्ष) के साथ कांकेर से हाटकोंगेरा जा रहे थे। 31 जनवरी की शाम लगभग साढ़े 6 बजे पंडरीपानी पुल के पास बस चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी गई, जिससे यह भयावह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों ▶▶|शेष पेज 12 पर









### यात्री बस का टायर फटने से मची अफरा तफरी गंभीर हादसा टला

**चारामा।** चारामा के समीप स्टेट हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ग्राम सिरसिदा के पास महालक्ष्मी ट्रेवल्स की यात्री बस के पीछे के दोनों टायर अचानक फट गए। घटना के समय बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिससे कुछ पल के लिए अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया। टायर फटने जैसी गंभीर स्थिति के बावजूद बस चालक ने सूझबूझ और अनुभव का परिचय देते हुए वाहन पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा। चालक की सतर्कता के कारण बस अनियंत्रित होकर पलटने या किसी अन्य वाहन से टकराने से बच गई। इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह यात्री बस अंतागढ़ से रायपुर की ओर जा रही ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मतदाता सूची से फर्जी तरीके से नाम विलोपित किए जाने का मामला उजागर, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चारामा

- कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

तहसील चारामा के ग्राम रामपुर में मतदाता सूची से नाम फर्जी तरीके से विलोपित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर आरोप को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी चारामा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जाँच की मांग की है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि ग्राम रामपुर में निवासरत करीब 40 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए प्रारूप 7 के तहत आवेदन दिया गया है, जो पूरी तरह फर्जी है। इस सूची में 39 ग्रामीणों के साथ ग्राम के उपसरपंच सुरेश कुमार का नाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग कई पीढ़ियों से ग्राम रामपुर में निवासरत हैं। कांग्रेस का दावा है कि ग्राम पंचायत द्वारा सभी मतदाताओं के ग्राम में निवासरत होने का पंचनामा बीएलओ को सौंपा जा चुका है। इसके बावजूद नाम विलोपित करने की प्रक्रिया सामने आना ▶▶|शेष पेज 12 पर



### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया खंडन

मामले पर सफाई देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि नाम विलोपित करने के लिए जो आवेदन दिए गए हैं, वे उनके द्वारा नहीं दिए गए हैं। किसी ने जानबूझकर उन्हें फंसाने और बदनाम करने के उद्देश्य से उनके नाम का दुरुपयोग किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन ग्रामीणों के नाम सूची में हैं, वे सभी उनके ही गांव के और परिचित लोग हैं। इस पूरे मामले को लेकर वे जल्द ही थाने में शिकायत दर्ज कराएंगी और दोषियों की पहचान कर जांच की मांग करेंगी।


## माघ पूर्णिमा पर व्रत व स्नान और दान की महिमा निराली

# माघ पूर्णिमा पर कई वर्षों बाद बन रहा शक्तिशाली योग का महासंयोग, श्री विष्णु पूजन फलदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

हिंदू धर्म में माघ माह की पूर्णिमा तिथि को माघ पूर्णिमा के रूप में अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस बार माघ पूर्णिमा पर प्रीति योग, आयुष्मान योग समेत कई शक्तिशाली योग का महासंयोग बन रहा है।

माघ पूर्णिमा का व्रत व स्नान दान आज 1 फरवरी दिन रविवार को किया जाएगा, हर वर्ष यह शुभ तिथि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। ज्योतिष के अनुसार, चंद्रमा जब कर्क राशि में तो सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, उस समय माघ पूर्णिमा का योग बनता है, इसे पुण्य योग के नाम से भी जाना जाता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, माघ पूर्णिमा पर इस बार रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग और आयुष्मान योग का शुभ संयोग बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। माघ पूर्णिमा पर इस बार कई वर्षों बाद अद्भुत संयोग बन रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माघ माह में भगवान विष्णु का विशेष पूजन किया जाता है। पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण कथा, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, हवन और दीपदान करने की परंपरा है। कई स्थानों पर श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नदी-तटों पर पहुंचते हैं और विधि-विधान से स्नान कर दान-पुण्य ▶▶|शेष पेज 12 पर




### माघ पूर्णिमा पर बन रहे योग

रवि पुष्य योग माघ पूर्णिमा के साथ बन रहा है। यह योग सुबह लगभग 7 बजकर 09 मिनट से रात 11 बजकर 58 मिनट तक रहेगा। प्रीति योग भी इस दिन बन रहा है, जो पारिवारिक सद्भाव, प्रेम-संबंधों में वृद्धि और सामाजिक सौहार्द का संकेत देता है। सर्वार्थ सिद्धि योग सभी प्रकार के कार्यों में सफलता और शुभ फल प्राप्ति का संकेत देता है। आयुष्मान योग स्वास्थ्य, जीवन-शक्ति और दीर्घायु के लिए शुभ माना जाता है। इस योग में किये गए उपाय स्वास्थ्य लाभ और दीर्घ जीवन की प्रेरणा देते हैं।

## धारदार चाकू के साथ घूम रहे युवक की खबर मिलने पर चाराम पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चारामा





जिले में अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत चारामा पुलिस ने एक बार फिर सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई इस कार्रवाई ने न केवल एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ने में सफलता दिलाई, बल्कि आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया है।

जिला पुलिस बल द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना चारामा पुलिस ने 30 जनवरी को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए ग्राम मरकाटोला में एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि मरकाटोला रोड के किनारे एक संदिग्ध युवक धारदार हथियार लेकर घूम रहा है, जिससे क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल बन सकता है। सूचना मिलते ही थाना चारामा की टीम ने बिना समय गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### चोरी के दो प्रकरण का हुआ खुलासा, सिविल लाईन और शो रूम में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सिविल लाईन के शासकिय अवासे से और बाइक चोरी के प्रकरण में कांकेर पुलिस ने आरोपी बरदेभाठा कांकेर निवासी 19 वर्षीय आर्यन दिनकर पिता रामायण दिनकर को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ थाना कांकेर में अप. क्र. 194/23, 65/24, 80/24, 197/25, 43/26, 44/26 प्रकरणों में अपराध दर्ज किया जा चुका है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी के कब्जे से 4 नग मोबाइल एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया। थाना कांकेर अंतर्गत मोटर सायकल वाहन सीजी 07 बीएएक्स 0830 को एवं सिविल लाईन कांकेर से शासकीय आवास के आलमारी से 1000 रूपएं नगद 3 नग पुराना मोबाईल को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले कि गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर के संबंध में लगातार पतासाजी करते हुए आरोपी का पता मुखबीर के सुचना तस्दीक पर मलालडबरी मेन रोड पर जाकर घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर थाना लाकर पुछताछ किया गया। आरोपी के द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किये जाने पर चोरी किए मोटर सायकल एवं 4 नग मोबाईल बरामद किया गया। आरोपी आर्यन दिनकर को 30 जनवरी को गिरफ्तार किया न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### मारपीट कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 12 घंटा के अंदर नरहरपुर ने किया गिरफ्तार



**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र से मारपीट और दुष्कर्म का मामला सामने आया था। घटना की शिकायत मिलते ही नरहरपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी वार्ड क्रमांक 13 नरहरपुर निवासी 23 वर्षीय प्रवीण कोर्राम पिता देवेन्द्र कोर्राम को गिरफ्तार किया। पीड़िता के परिजन ने 29 जनवरी को थाना नहरपुर में पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि प्रवीण कोर्राम द्वारा 30 मई कि रात लगभग 10 बजे पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया एवं 5 जुलाई को प्रवीण कोर्राम पीड़िता से उसके माता पिता तुमसे मिलना चाहते हैं बोलकर बहला फुसलाकर मैं तुमसे शादी करूंगा कहकर अपने साथ नरहरपुर ले गया। आरोपी ने उस दौरान भी जबरदस्ती बलात्कार किया और गाली देते हुऐ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी ने धमकाया कि तुम मेरे साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाओगी तो मैं तुम्हे समाज में बदनाम कर जान से मार दूंगा। पीड़िता ने शादी करने की बात कही तो आरोपी शादी करने से इंकार कर दिया। थाना नरहरपुर से पुलिस टीम द्वारा आरोपी प्रवीण कोर्राम की पतासाजी के लिए टीम गठित की गई।

# गणतंत्र दिवस समारोह में योगिता का हुआ विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बालिका योगिता मंडावी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर योगिता को सम्मानित किया। वर्तमान में योगिता नेशनल स्कूल गेम्स में प्रतिभागी के रूप में मणिपुर के इम्फाल में आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में शामिल हैं। इस कारण सम्मान समारोह में उनकी ओर से उनके साथी खिलाड़ी ने प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी योगिता मंडावी का जीवन बचपन से ही संघर्षों से भरा रहा है। उनका जन्म 1 जनवरी 2011 को छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम हिर्री में हुआ। माता–पिता के असामयिक निधन के बाद मात्र चार वर्ष की आयु में वे अनाथ हो गईं और इसके बाद चाचा–चाची के संरक्षण में रहीं।

## जिला स्तरीय समारोह में विधायक लता उसेंडी ने किया सम्मानित

### बालगृह से खेल जगत तक का प्रेरणादायक सफर

देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 25 जनवरी 2021 को जिला प्रशासन द्वारा योगिता को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, बालगृह बालिका कोंडागांव में प्रवेश दिलाया गया। वर्तमान में वे स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, तहसीलपारा कोंडागांव में कक्षा 9वीं की छात्र हैं। बालगृह में आने के बाद योगितने जीवन को नई दिशा दी और मात्र 10 वर्ष की उम्र में जूडो खेल को अपनाया। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर उन्होंने बहुत कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।



### राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीते कई पदक

योगिता ने वर्ष 2024 में दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, खेलो इंडिया क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2024 नासिक में रजत पदक तथा खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता 2024 केरल में भी रजत पदक प्राप्त किया। वर्ष 2025 में राज्य स्तरीय ओपन जूडो एवं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, वहीं राष्ट्रीय ओपन जूडो प्रतियोगिता 2025 हैदराबाद में कांस्य पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

## डॉ. आशा लकड़ा एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने किया लोकार्पण

# चिपावंड को मिली महतारी सदन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- विभागीय स्टॉलों का अवलोकन एवं सामग्री वितरण

कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिपावंड में नवनिर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शासकीय योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सवांर्गीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना और जनजातीय दिवस की शुरुआत को जनजातीय गौरव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कोंडागांव की शिल्पकला एवं हुनर की सराहना करते हुए कहा कि जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।



### महिलाओं के सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा महतारी सदन

विधायक लता उसेंडी ने महतारी सदन के लोकार्पण पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए महतारी वंदन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी योजना को महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल बताया।

### विकसित भारत ग्रामजी योजना पर प्रकाश

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने विकसित भारत ग्रामजी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण आजीविका, रोजगार सृजन एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 12 समूहों को मिला सीड लाइसेंस

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में पहली बार बिहान समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका सेवा केंद्र के अंतर्गत 12 संगठनों को सीड लाइसेंस प्रदान किया गया। जिससे वे कृषि सखी के माध्यम से अपने क्षेत्र में सेवाएं दे सकेंगी। इस अवसर पर 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, 4 लखपति दीदी को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत वीर नारायण चौक पर किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर देश भर मे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के द्वारा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर उन्हें याद किया गया और साथ ही सांकेतिक रूप से शहीद वीर नारायण चौक पर चक्काजाम किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन से धान खरीदी की समय सीमा को बढ़ाने की मांग करते हुए किसान जिन्होंने अभी तक पंजीयन नहीं होने के चलते धान नहीं बेच पाए है उनको अवसर देने की मांग की गई। मनरेगा को पहले के अपेक्षा कमजोर कर मजदूरों और किसानों को गारंटी के तहत मिलने वाले अधिकारों से वंचित करने की जो साजिश किया जा रहा है। ऐसे बनाए हुए कानून को वापस लेने की मांग कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी नेता में ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, वरिष्ठ जयंत पाणिग्रही, कांति नाग, राकेश गुप्ता, विश्राम गावड़े, रमेश बघेल, शेख शरीफ कुरैशी, गोलू नायक, तोमेश जोशी, हीरालाल मांझी, पीतांबर नेताम, पुष्पा ध्रुव, शांति रजक, त्रिभुवन ठाकुर, बिशुद नाग, राहुल गुप्ता, करण वर्मा, मोहित रजक, चन्द्रज्योत रामटेके, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डा नेताम, विशाल फाफमांरिया, बंटी गुप्ता, संतोष नागसुजल निषाद, विजीत राणा उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

दुर्गूकोंदल में नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी एवं मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कोला, रसालू गावडे, रघुनंदन गोस्वामी, राजू सांगोडिया एवं राम गावडे का भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

स्वागत समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल-मालाओं से नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाते हुए पटाखे फोड़े गए तथा नगर के मेन रोड एवं बस स्टैंड क्षेत्र में रैली निकालकर पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे।

ये रहे उपस्थित

स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिह आंचला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनेश नरेटी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कोला, रसालू गावडे, रघुनंदन गोस्वामी, राजू सांगोडिया, सरपंच निलेश बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, जनपद सदस्य सविता उईके, पार्वती सोरी, बसंती, भालेश्वर, उमेश्वरी मडावी, धनसाय हुर्रा, हिरोतीन दरो, दीनदयाल पटेल, सुखचंद प्रजापति, सियाराम दरो, उदय पुरामे निवासी सियाराम पोटाई, परमेश बघेल, लतीफ ध्रुव, रूपेश ढलनिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।



# असम की टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का किया निरीक्षण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवासों की गुणवत्ता, प्रगति एवं क्रियान्वयन के अध्ययन के लिए असम की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम पंचायत जैसाकर्रा का अवलोकन किया। टीम ने योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों की स्थिति की समीक्षा की और लाभार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर योजना से संबंधित जानकारी ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि असम की टीम ने जिले में अभिसरण के तहत हितग्राहियों को मनरेगा के तहत प्राप्त हो रहे समयबद्ध मजदूरी भुगतान एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त हो रहे शौचालय एवं आवास निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। टीम ने अपने राज्य में भी इस पद्धति को लागू करने पर चर्चा की। असम से आए अधिकारियों की टीम में संयुक्त आयुक्त आवास दुर्गावती नाथ, एसईपी, पीएमएवाय-जी असम रंजीत दास एवं नीलोत्पल मिश्रा शामिल रहै। राज्य कार्यालय से उपायुक्त पीएमएवाय-जी राजेंद्र पांडे, सहायक अभियंता सोमकांत साहू भी निरीक्षण में शामिल हुए। इस अवसर पर योजना के लाभार्थी हितग्राही हिरामन सिंह, सहदेव निषाद एवं दुलारीबाई निषाद उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से पक्का आवास प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन-प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

# चाकूबाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बचेली।** लौहनगरी बचेली निवासी सिक्यूरिटी गार्ड हरिशंकर सलाम ने थाना आवेदन किया कि 28 जनवरी की रात्रि आशीष नाग, रविन्द्र निषाद, प्रवीण कर्मा एवं अन्य साथी आंबेडकर पार्क के समीप स्थित उनके निवास सिक्यूरिटी गार्ड क्वार्टर में जबरन बैरक के दीवाल को फांदकर बैरक अंदर घूसकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही नानचाकू से व लात घूसे से मारपीट किए, जिससे सिर में चोटे आयी हैं तथा उसके साथी लीमदास कश्यप को थप्पड से मारपीट किये हैं।

पुलिस थाना में अपराध धारा 296,115(2), 351(3),118(1), 331(6), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया।

## पेज 11 के शेष

### शराब की अवैध...

रिसीव किया। शराब छोड़ने के लिए जगदलपुर के पास जाना था, वहाँ तक नहीं पहुँच पाया। उसके पहले ही नाथियानवागांव में एक्सीडेंट हो गया और स्कार्पियों में सवार दोनो आरोपी वाहन को छोड़कर भाग गए थे। ईशान से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले यश को दबोचा और उससे मिले इनपुट के आधार पर नाबालिग और ताहिर को दबोचा।

### व्यापारी संघ के...

और विश्वास के साथ व्यापारी संघ को और मजबूत बनाया जाए। व्यापारी संघ चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढिंडसा, आप के प्रदेश अध्यक्ष देवलाल नरेटी, हरेश चक्रधारी, मोहन हर्दवानी सहित समिति सदस्य नमन झाबक जैन, अभिषेक पाण्डेय, यश कथूरिया, लक्ष्मण मखीजा, हितेश तिवारी, आदित्य गोलानी, भगत शांडिल्य, नरेन्द्र सांवले, परवेज़ शेखानी को व्यापारी संघ की ओर से श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश रामानी ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं व्यापारी संघ के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पंडरीपानी पुल पर...

को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद बाइक चालक मुकेश मंडावी और उनके दो वर्षीय बेटे खिलेश मंडावी को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल दोनों बेटियों लिशा और दुर्गेश्वरी का इलाज समाचार लिखे जाने तक जारी था। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हाटकोंगेरा में घटना की सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है। यह हादसा एक बार फिर सवारी बसों और धान परिवहन कर रहे भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इन वाहनों की स्पीड और मोबाइल फोन के उपयोग पर सख्ती नहीं की गई, तो ऐसे दर्दनाक हादसे यूं ही होते रहेंगे। यातायात पुलिस और कांकेर पुलिस को अब सवारी बस चालकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है।

### यात्री बस का...

थी। सुबह के समय अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई, हालांकि चालक द्वारा बस को सुरक्षित रूप से सड़क किनारे रोकने के बाद सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे।

### मतदाता सूची से...

संदेह पैदा करता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रारूप 7 का आवेदन किरण नरेटी के नाम से दिया गया है, जो भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। कांग्रेस का कहना है कि गांव के कांग्रेस से जुड़े लोगों के नाम ही चुन-चुनकर विलोपित करने का प्रयास किया गया है। पार्टी ने फर्जी हस्ताक्षर और आवेदक की पहचान की जाँच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अब प्रशासन पर टिकी निगाहेंः मतदाता सूची से जुड़े इस संवेदनशील मामले ने क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की जाँच और आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं, जिससे यह साफ हो सके कि फर्जीवाड़ा किसने और किस उद्देश्य से किया।

### बिना सूचना अनुपस्थित...

दौरान प्रधान आरक्षक का मुख्यालय रक्षित केन्द्र कांकेर निर्धारित किया गया है। उन्हें इस अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में केवल निलंबन तक ही सीमित न रहते हुए, प्राथमिक जांच के भी निर्देश दिए हैं। संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रधान आरक्षक के इस कृत्य के संबंध में गहन जांच कर 07 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ।

### माघ पूर्णिमा पर...

करते हैं। इस अवसर पर अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़ और घी का दान विशेष फलदायी माना गया है। माघ पूर्णिमा को कल्पवास का समापन भी होता है। संगम और अन्य तीर्थ क्षेत्रों में एक माह तक कल्पवास करने वाले श्रद्धालु इस दिन अंतिम स्नान कर नियमों का समापन करते हैं।

### धारदार चाकू के...

सागर उसेण्डी, उम्र 19 वर्ष, निवासी मरकाटोला बताया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपी के कमर के पास छिपाकर रखा हुआ एक धारदार काले रंग का चाकू बरामद किया गया। आरोपी के पास उक्त हथियार रखने के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना चारामा में आयुध अधिनियम (आर्म्स एक्ट) की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश राठौर, एएसआई दुष्यंत दीवान, प्रधान आरक्षक भुपेन्द्र प्रधान, आरक्षक मुनाफ यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। चारामा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपराध नियंत्रण एक साझा जिम्मेदारी है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या आपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 पर दें, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## 26 जनवरी को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आयोजन

# गणतंत्र दिवस पर माकड़ी विखं के सभी ग्रामों में लगा उल्लास मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- खंड शिक्षा अधिकारी ने ली पंचायत प्रभारी व संकुल समन्वयकों की बैठक

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला प रि यो ज ना अधिकारी धवल सिंह पोटाई के मार्गदर्शन में माकड़ी विकासखण्ड में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी ग्रामों में उल्लास मेला आयोजित किया गया।

इस संबंध में माकड़ी विकासखण्ड के खंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने ग्राम पंचायत प्रभारी एवं संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित उल्लास मेला में नव साक्षरों द्वारा शैक्षणिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से पढ़ना–लिखना, बोलना–समझना एवं गणना जैसी क्षमताओं को खेल एवं नवाचार आधारित गतिविधियों से सुदृढ़ किया जाएगा।



### बैठक में अधिकारी एवं समन्वयक रहे उपस्थित

बैठक में विकासखण्ड स्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सदाशराम बट्टी, मंडल संयोजक ऋषि नागवंशी, बीआरपी भैराम मानकर, जोगेन्द्र पोयाम, ग्राम पंचायत प्रभारी एवं समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### 14 गतिविधि आधारित स्टालों पर होगी सीखने की प्रक्रिया

उल्लास मेला में कुल 14 गतिविधि आधारित स्टाल लगाए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से रिंग फेंकना, उंगली दौड़ाना, पहचानो कौन, जोड़ मशीन, मेरी घड़ी–तुम्हारा समय, जोड़ी बनाओ, गिनती सीखें, कौन पहले–कौन बाद, चित्र देखो कहानी बनाओ, जोड़ी मिलाओ, सुरिली कुर्सी दौड़ कीट–कीट दौड़ सुरक्षित रहें–स्मार्ट बनें आदि शामिल रहेंगे।

### स्वयंसेवी शिक्षकों व नव साक्षरों की सहभागिता पर जोर

उल्लास नोडल अधिकारी योगेन्द्र दिलीपवार ने कहा कि सभी ग्रामों में आयोजित उल्लास मेले में स्वयंसेवी शिक्षकों एवं नव साक्षरों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। तय अवधारणाओं में से कम से कम सात अवधारणाओं को स्टाल के रूप में प्रदर्शित करने तथा व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टर आकाश छिकारा एवं सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भाटपाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर का सघन औचक निरीक्षण किया गया।

सीएचसी बस्तर का यह निरीक्षण स्वयं खण्ड चिकित्सा अधिकारीडॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में अस्पताल प्रभारी डॉ. देवांशू तिवारी, नर्सिंग सिस्टर रामेश्वरी, बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल, अनीता कश्यप, उर्वशी पाणिग्रही सहित अन्य सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

डिजिटल हेल्थ आरसीएच 2.0 पोर्टल, एनसीडी स्क्रीनिंग और आभा आईडी निर्माण की प्रगति जांची गई। ऑनलाइन डेटा एंट्री को तत्काल पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। टीकाकरण एवं आयुष्मान



कार्डः नियमित टीकाकरण को 100 प्रतिशत करने और गर्भवती माताओं के आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। अस्पताल के वार्डों में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

वय वंदन योजना के तहत घर-घर जाकर कार्ड बनाने की प्रक्रिया का कलेक्टर ने अवलोकन किया। इस दौरान फील्ड स्टाफ का मनोबल बढ़ाने हेतु सीईओ प्रतीक जैन ने स्वयं अपने हाथों से कार्ड बनाकर कार्य में सक्रियता दिखाने का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ ने सीएचसी बस्तर में सेटअप के अनुसार स्टाफ की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए शासन स्तर पर आवश्यक पत्राचार और त्वरित कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में आने वाली तकनीकी बाधाओं को जिला, राज्य स्तर पर चर्चा कर दूर किया जाएगा ताकि आम जनता को बिना किसी परेशानी के बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। सभी कर्मचारियों ने भी अपने कार्य में सुधार और प्रगति लाने हेतु कलेक्टर को आश्वस्त किया।

## खबर संक्षेप

### मावलीभाटा में लगा 7 दिवसीय शिविर



**तोकापाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राम पंचायत मावलीभाटा के प्राथमिक शाला बाकटीपारा में प्राचार्य संजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय शिविर का उदघाटन किया। इस अवसर पर सरपंच बुटकी बाई, उपसरपंच सोमारू राम, पंच जोगा राम, प्राचार्य, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती, भारत माता, स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्प गुच्छ व दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया गया। इसके बाद एनएसएस ध्वजारोहण किया गया। समस्त अतिथियों का स्वागत कर स्वयंसेवकों को 7 दिवस शिविर की कार्ययोजना के बारे में कार्यक्रम अधिकारी उग्रेस सोरी के द्वारा विस्तार से बताया गया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी नगेश दास के द्वारा रासेयो के महत्ता व रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक लोकेश नाग, पीटीआई अविनाश माने, राधाकृष्ण ध्रुव प्रधानपाठक, सीमांत भारती, हेमकुमार ध्रुव, अभिषेक टिर्की सभी का विशेष योगदान रहा।

### सीएससी केंद्रों से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण व सत्यापन



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के समस्त चॉइस सेंटर सीएससी केंद्रों में ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख , लैंड रिकॉर्ड डिजिटलीकरण सॉफ्टवेयर के लिए आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही सभी सीएससी सेंटर ऑपरेटरों को इस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु आवश्यक भौतिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। अब जिले के हितग्राही अपने नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर 1930 से लेकर वर्तमान तक के भूमि संबंधी दस्तावेज जैसे बी.1ए मिसल अभिलेख खसरा पांचशाला इत्यादि अभिलेख प्राप्त कर सकेंगे एवं इन दस्तावेजों के आधार पर भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं सत्यापन करवा सकेंगे। इससे पुराने रिकॉर्ड भी सुरक्षित रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगे। कलेक्टर ने ब्लॉकचेन तकनीक के उपयोग से भूमि रिकॉर्ड अधिक सुरक्षित पारदर्शी एवं छेड़छाड़.रहित रहेंगे। इससे भूमि से जुड़े विवादों में कमी आएगी तथा सेवाओं की गति एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा का आज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी-26) का आयोजन 1 फरवरी को जिले में किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9:30 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से 05:45 बजे तक संपन्न होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के संपूर्ण संचालन एवं व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव को नोडल अधिकारी, नायब तहसीलदार दंतेवाड़ा महेश कश्यप को सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख भादूराम धनकर को नियुक्त किया गया है। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन, अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम तथा परीक्षा केंद्रों के सघन निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

## 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

# सुरक्षित सड़कें, सशक्त समाज की नींव : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के सिटी कोतवाली परिसर में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, जनपद पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, पुलिस अधीक्षक गौरव राय,

■ यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा की गारंटी : एसपी



उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्दीकी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल उइके, गोविंद दीवान, कमलजीत पाटले सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी जिम्मेदार नागरिक बनें और अपने परिवार व समाज की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही युवाओं को विशेष रूप से सावधानी बरतने की सलाह दी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन न करने से गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई बार जान तक चली जाती है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया चालकों से सीट बेल्ट लगाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से कहा कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकें। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्दीकी ने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में किए गए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, रैली, स्कूल-कॉलेजों में संवाद, पोस्टर प्रदर्शनी एवं यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार की जानकारी दी। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का विधिवत समापन किया गया। इस दौरान यातायात अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्राम मुक्कावेली में नवीन सुरक्षा व जन सुविधा कैम्प स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास को नई गति देते हुए बीजापुर जिले के थाना फरसेगढ़ अंतर्गत ग्राम मुक्कावेली में 29 जनवरी को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई। यह कैम्प डीआरजी, जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 19वीं वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा स्थापित किया गया है।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, पहुंच-विहीन मार्गों एवं कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और उच्च मनोबल का परिचय देते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 32 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। यह कैम्प भोपालपटनम-फरसेगढ़-सेण्ड्रा-गढ़चिरौली अंतर्राज्यीय संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इसके माध्यम से नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों को सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे प्रशासनिक पहुंच एवं आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा।

नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना से क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मोबाइल नेटवर्क, सड़क एवं पुल-पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे माओवादियों की अंतर्राज्यीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी तथा क्षेत्र में स्थायी शांति और विश्वास का वातावरण बनेगा। पुलिस विभाग के अनुसार निरंतर चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियानों के तहत वर्ष 2024 से अब तक 876 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर पुनर्वास का मार्ग अपनाया है, 229 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं, जबकि 1151 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह कैम्प छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्ला नार के अंतर्गत स्थापित किया गया, जो नक्सल प्रभावित इलाकों में समग्र विकास को लक्ष्य बनाती है।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कैम्प की स्थापना से आसपास के ग्रामीणों में उत्साह एवं सुरक्षा का भाव बढ़ा है और क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कुआकोंडा में भाजपा के बढ़ते जनाधार को कांग्रेसी नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कुआकोंडा क्षेत्र भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार से कांग्रेसी बौखला गए। मुद्दाविहीन कांग्रेस अब भाजपा पर गुंडागर्दी और लोगों को डराने धमकाने जैसे ओछे आरोप लगाने से भी बाज नही आ रहे है। मुद्दाविहीन कांग्रेस मेरे नाम को जबरन घसीटते हुए रैली नारेबाजी और धरना प्रदर्शन करते हुये महाराणा प्रताप चौक पर हो हल्ला करने के लिए एकजुट हुई थी। इस पर भाजपा नेता सुमित भदौरिया ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए प्रेस नोट के माध्यम से कहा कि उक्त पूरा मामला एक धर्म विशेष सम्प्रदाय का युवक अब्दुल हनीफ और दूसरा युवक अनुज भदौरिया के बीच हुआ था। धान खरीदी केंद्र में अपना अवैध धान बिक्री करने अब्दुल हनीफ कुआकोंडा धान खरीदी केंद्र में पहुंचे थे। जिसको वहां पर कुछ ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया यहां पर सिर्फ किसानों का धान ही बिकना चाहिए इसी बात से आहत होकर अब्दुल हनीफ के द्वारा अनुज सिंह से गाली गलौज करने का प्रयास किया गया यही विवाद की मुख्य वजह है। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे मामले को आदिवासी समाज के नाम को भी इस्तेमाल करने की नाकाम कोशिश की गई। इस प्रयास में कांग्रेसी मेरे नाम के साथ अपनी पार्टी के एक कार्यकर्ता विनय प्रताप सिंह को भी घसीट रहे है। जब वह इन्ही की कांग्रेस पार्टी का एक वर्षो से कार्यकर्ता है। स्पोर्ट्स सेल का जिला महासचिव रहा है एवं वर्तमान में इनके जिला अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में भी कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित था। जिसके फोटो साक्ष्य भी मौजूद है इस पूरे प्रकरण में भाजपा का कहीं से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि अनुज सिंह भी किसी पार्टी का कोई कार्यकर्ता नहीं और ना ही मेरा इस घटना से कोई संबंध है। इस पूरे प्रकरण को विवादित करने के पीछे सिर्फ और सिर्फ कांग्रेसी अवधेश गौतम का हाथ है। जिनके नेतृत्व में इस क्षेत्र की जनता ने बुरी तरह से हर चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हर चुनाव में नकारा है चाहे जिला पंचायत का चुनाव हो विधायक सांसद का चुनाव हो या जिसमें यह स्वयं जनपद सदस्य का चुनाव लड़े सबमे जनता ने उन्हें हर जगह हार दी। अपनी राजनीतिक गिरावट देखकर हताशा और मायूसी में झुठे आरोप का खेल खेल रहे है। जबकि इस क्षेत्र में मेरा सभी समाज के साथ भाईचारे का प्रेम व्यवहार का रिश्ता है। भाजपा हमेशा पीड़ति वंचित के साथ देने वाली पार्टी है। इसी लोकप्रियता से घबराकर इस तरह का प्रपंच कांग्रेस द्वारा रचा जा रहा है। इस ड्रामेबाजी में मेरा किसी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है कांग्रेस पार्टी के लगाये सभी आरोप निराधार तथ्यहीन है।



■ छबि धूमिल करने के लिये तरह -तरह की रच रहे साजिश

# महात्मा गांधी को मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के पावन एवं स्मरणीय अवसर पर 30 जनवरी को मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव ए.के. सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गांधी भवन ( इंटक श्रमिक सदन ) में एक अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भावनात्मक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से 11:02 बजे तक यूनियन के समस्त आदरणीय पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य, विभागीय प्रतिनिधि, ठेका श्रमिक साथी, सुरक्षा गार्ड साथी, यूनियन सदस्य एवं नगर के नागरिकों तथा गणमान्य जनों द्वारा दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित समस्त अमर शहीदों को विनम्र, सादर एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद दिवस हमें उन असंख्य वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता, अस्मिता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। चाहे वह फांसी के फंदे को हंसते-हंसते झूलने वाले क्रांतिकारी हों, सीमाओं पर डटे वीर सैनिक हों या सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने वाले अनाम नायक इन सभी शहीदों का त्याग ही आज के स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत की नींव है। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक बल के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी, वहीं देश के शहीदों ने अपने साहस, संघर्ष और बलिदान से उस आंदोलन को शक्ति प्रदान की।

गांधी के आदर्श और शहीदों का त्याग दोनों मिलकर हमें यह सिखाते हैं कि राष्ट्रसेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म, अनुशासन और जिम्मेदारी से होती है।

## मोबाइल वेटनरी यूनिट से दूरस्थ गांवों में पशु उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के चारों विकास खंडों में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) का संचालन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामों में पहुंचकर पशुओं का निशुल्क उपचार, दवाइयों का वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराना है। मोबाइल वेटनरी यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक तीन ग्रामों का भ्रमण कर बीमार पशुओं का उपचार, दवा वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान का कार्य कर रही है। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी, मौसमी टीकाकरण का प्रचार-प्रसार, पशुपालकों की संगोष्ठी एवं पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है।



# कुकानार टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सुकमा जिले के ग्राम पंचायत कुकानार अंतर्गत बोदारासपारा में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आज बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।समापन मुकाबला ग्राम पंचायत कुकानार और चुराभट्टा की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें कुकानार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और प्रतियोगिता की विजेता बनी।

विधायक श्री विनायक गोयल ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़े, तो निश्चित रूप से क्षेत्र, जिला और राज्य का नाम रोशन करेगा। गोयल ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इस प्रकार के सफल आयोजन करना सराहनीय है।

उन्होंने युवाओं से नशे और गलत प्रवृत्तियों से दूर रहकर खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष आयता मण्डावी, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, उपेंद्र चौहान, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हिरमा कुंजाम, रिन्टु भदौरिया, नन्दा मण्डावी, मुन्नु सिंह, जलन कश्यप, सिताराम नाग, संजय भदौरिया, सुरेश चौहान, कलधर नाग, सोनाधर पाण्डेय, बलदेव बघेल, वीरू पाण्डेय, सुकदास पाण्डेय, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष ने जीरामजी योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित लोक-जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक विकसित भारत जी राम जी के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला दंतेवाड़ा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओम सोनी के नेतृत्व में एक सार्थक एवं जनहितकारी पहल की गई। इस क्रम में भाजपा बारसूर मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत हिडपाल एवं उपेट मे वन विभाग द्वारा चलाये जा रहे शासकीय कार्य मे ग्रामीणों एवं मजदूर भाइयो के बीच पहुंच कर विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर चर्चा की गई। ओम सोनी ने विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के तहत मुख्य 4 बिंदुओं पर चर्चा की।



### रणजी खिलाड़ी सौरभ मजूमदार बने बस्तर टीम के कप्तान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप डे (टेस्ट) क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 16 सदस्यीय बस्तर टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान रणजी खिलाड़ी सौरभ मजूमदार को सौंपी गई है। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के सलेक्शन मैच प्रदर्शन,फिटनेस और तकनीकी पक्षों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। टीम का पहला मुकाबला 2 फरवरी से 4 फरवरी तक कांकेर के साथ खेला जाएगा। इसके बाद 6 फरवरी से 8 फरवरी तक कोरबा तथा 10 फरवरी से 12 फरवरी तक महासमुंद के विरुद्ध मुकाबले निर्धारित हैं।



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**पखांजुर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने प्रदेश में धान खरीदी कि अंतिम तिथि बढ़ाए जाने कि मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को संगठन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजुर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की समय सीमा में वृद्धि करने की पुरजोर मांग किया। संगठन ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी के दौरान किसानों को कई विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है।

### वाहन चालक व कर्मचारी संघ की बैठक आज

**कांकेर।** वन जलवायु परिवर्तन विभाग वाहन चालक व कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक आज 1 फरवरी को रेंजर एसोसिएशन हॉल पंडरी में आयोजित की जाएगी। यह बैठक संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मो. रफीक खान की विदाई के साथ-साथ नए प्रांतीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक की जानकारी देते हुए प्रांतीय सचिव हैदर अली ने बताया कि इस बैठक में संघ के सभी प्रांतीय पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगी एवं संगठन के भविष्य, कर्मचारियों की समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### 13 फरवरी तक चलाया जाएगा अभियान

**कांकेर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज कुष्ठ रोगियों के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में 13 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# कांग्रेसियों का मनरेगा व धान खरीदी के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कोरर चौक के सामुदायिक भवन के सामने महात्मा गांधी के चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और उसके बाद कांग्रेसियों ने मनरेगा व धान खरीदी के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद एनएच 30 में सांकेतिक चक्का जाम कर ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बसंत यादव, न. पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज, हिरवेन्द्र साहु ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र यादव, अमृत देवांगन, राजेन्द्र सलाम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर महात्मा गांधी के आदर्शों एवं सिद्धांतों को याद करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश कर महात्मा गांधी के नाम को विलोपित करने की साजिश करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सुनियोजित कदम उठाया है। यह एक सोची समझी राजनीतिक चाल के तहत उठाया गया कदम है। खरीफ फसल 2025-26 के धान खरीदी के निर्धारित तिथि को आगामी एक माह की अवधि तक बढ़ाई जाए, क्योंकि वर्तमान स्थिति में प्रदेश के अधिकांश किसानों के धान की खरीदी शासन स्तर पर पूर्ण नहीं हो पाई है और किसान आज भी अपनी धान को समर्थन मूल्य पर बेचने सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं।

## एक माह तक धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन




### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने में किशोर नेताम, रानू सेन, जय प्रकाश गावड़े, विनोद साहु, चन्द्र प्रकाश कांगे, सुभाष सोनकर , जितेंद्र साहु, कृष्णा नायक, नोतन भोयर, मोहित नायक, संतोष, बोधन, नारायण उन्द्रे, मंजु सोनकर, सुधांशु पांडेय, तेजेंद्र साहु, कैलाश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपराध : साजिशन हत्या कर झाड़ियों में छुपाया शव

# सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा, प्यार से इंकार बनी हत्या की वजह, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- पखांजुर में अज्ञात मानव कंकाल की गुत्थी सुलझी

पखांजुर इलाके में झाड़ियों से मिले अज्ञात मानव कंकाल की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। शादी से इंकार और साजिशन हत्या की इस दिल दहला देने वाली वारदात में पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा है, जिनमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। सबूत मिटाने के लिए मोबाइल तोड़ने से लेकर शव को झाड़ियों में छुपाने तक, आरोपियों की पूरी साजिश अब बेनकाब हो चुकी है। पखांजुर थाना क्षेत्र में 22 जनवरी को उस समय सनसनी फैल गई थी, जब ग्राम बड़ेकापसी के रनोबाई उसेंडी के खेत के पास झाड़ियों में एक अज्ञात मानव कंकाल मिलने की सूचना सरपंच द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पखांजुर थाना में मर्ग क्रमांक 07/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में थाना पखांजुर एवं साइबर सेल की विशेष टीम गठित की गई। घटनास्थल का निरीक्षण सीन ऑफ क्राइम यूनिट, डॉग स्क्वॉड एवं चिकित्सकीय टीम द्वारा कराया गया। कंकाल को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज कांकेर भेजा गया। जांच के दौरान घटनास्थल के पास मिले सामानों की पहचान थाना पखांजुर में दर्ज गुम इंसान क्रमांक 38/2025 संगीता उसेंडी के रूप में हुई। परिजनों के बयान और कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस का शक थाना छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम साहडोंगरी निवासी 21 वर्षीय दिनेश कुमार दुग्गा पर गया। पूछताछ के दौरान वह पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन सख्ती और सूझबूझ भरी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।




### गला दबाकर की हत्या

आरोपी दिनेश दुग्गा ने स्वीकार किया कि वह संगीता से शादी नहीं करना चाहता था। इसी कारण उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 16 नवंबर 2025 की रात, मिलने के बहाने संगीता को घर से बाहर बुलाकर खेत में ले जाया गया, जहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। शव को कुछ दूर झाड़ियों में छुपा दिया गया और सबूत मिटाने के लिए मृतिका का मोबाइल तोड़कर फेंक दिया गया।

### आरोपी को मुंबई से किया गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी दिनेश दुग्गा को गिरफ्तार कर 25 जनवरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। जांच को आगे बढ़ाते हुए विशेष टीम ने दूसरे आरोपी को मुंबई के बोरीवली से गिरफ्तार किया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि दिनेश का एक दोस्त विधि से संघर्षरत बालक है। इसके अलावा थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के 20 वर्षीय समनदीप पन्ना की भी इस हत्याकांड में संलिप्तता पाई गई।

# पालक सम्मेलन में बालकों के सर्वांगीण विकास एवं वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिक्षक-पालक-छात्र सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं अपने पालकों के साथ उपस्थित हुए और अपने शैक्षणिक प्रगति प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की। विषय शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की भाषायी कौशल, गणित, विज्ञान सहित अन्य विषयों में उपलब्धियों एवं सुधार के बिंदुओं पर जानकारी दी गई।आयोजित सम्मेलन में शारीरिक शिक्षा, योग एवं ध्यान, नैतिक शिक्षा, संगीत, नृत्य, कला तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी संवाद किया गया। पालकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। वहीं विद्यार्थियों ने अपने पालकों को विद्यालय की लाइब्रेरी, विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, रोबोटिक्स लैब, इनडोर-आउटडोर खेल परिसर का भ्रमण कराया और संबंधित शिक्षकों से परिचय करवाया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि पैराडाइज स्कूल प्रत्येक छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ योग, ध्यान, खेलकूद, संगीत, नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियों का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। बोर्ड एवं अन्य कक्षाओं के पालकों के साथ वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर भी गहन चर्चा की गई। सम्मेलन में यह भी जानकारी दी गई कि कुछ विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन देने के लिए रेमिडियल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं तथा सभी छात्रों को समय-सारणी बनाकर नियमित अध्ययन एवं पुनरावृत्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को ऊंचाई तक पहुंचाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, समस्त कोऑर्डिनेटर्स एवं वरिष्ठ शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संसद में पेश आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट, विद्यार्थियों को स्कूल त्यागने की दर में हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट में इस बात को स्वीकार किया गया कि देश में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में स्कूल त्यागने की दर में वृद्धि हुई है और साथ ही निजी स्कूलों को बढ़ावा मिला है। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि देश में आयु के आधार पर माध्यमिक स्तर में विद्यार्थियों के सिर्फ 52 प्रतिशत बच्चे ही स्कूल में भर्ती होने के लिए नाम दाखिल कराते है। रिपोर्ट में इसके लिए मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अधोसंरचना की कमी को ही जिम्मेदार ठहराया गया है। आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ 17.1 प्रतिशत विद्यालयों में ही माध्यमिक स्तर के शिक्षा का सुविधा उपलब्ध है, जबकि प्राथमिक और बुनियादी स्तर के शिक्षा के लिए 54 प्रतिशत विद्यालयों में सुविधाएं उपलब्ध है। दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र में माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की दर 38 प्रतिशत है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि देश में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की संख्या में 37 लाख की कमी आई है। सन 2014-15 से सन 2023-24 विगत दस वर्षों में पूरे देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी हुई है। दूसरी तरफ देश में निजी स्कूलों की संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़े के ही मुताबिक विगत दस वर्षों में देश में 11 लाख 7 हजार 101 सरकारी विद्यालयों की संख्या से वर्तमान में 89 हजार 441 संचालित हो रहे है, जबकि इसी समय काल में निजी स्कूलों की संख्या में 42 हजार 944 से बढ़कर 3 लाख 31 हजार 108 ही हो गई है। भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि यह सरकार शिक्षा को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित कर देना चाहती है। आम गरीब जनता शिक्षा से दूर रहे यह इस सरकार का एकमात्र उद्देश्य है। क्योंकि शिक्षा ही चेतना की रोशनी प्रदान करता है और यह सरकार लोगों को ज्ञान की रोशनी से दूर रखना चाहती है क्योंकि यह उनकी राजनैतिक एजेंडा है।



## कोड़े में श्रद्धा व आस्था के साथ हुआ माता पहुंचानी का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़े में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ माता पहुंचानी का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सहभागिता कर ग्राम देवी शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना, परिक्रमण एवं आराधना कर ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माता पहुंचानी का आयोजन ग्राम की एक प्राचीन लोक परंपरा है, जिसे प्रत्येक वर्ष फसल कटाई के उपरांत एवं मौसमी रोगों से रक्षा के लिए किया जाता है। मान्यता है कि माता पहुंचानी से गांव में रोग-व्याधियों का प्रकोप कम होता है और परिवारों में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्ति एवं सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राम के गायता गाडो राम पुडो, पटेल नरेश पुडो, सरपंच प्रेम पुडो एवं परिवार के प्रमुख दीपक पुडो द्वारा विधिविधान से माता की पूजा-अर्चना की गई। पूजा पश्चात ग्रामीणों द्वारा माता की परिक्रमण कर ग्राम की सीमाओं में शांति, सुरक्षा एवं समृद्धि की कामना की गई। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता को गांव में आमंत्रित किया, जिसे स्थानीय भाषा में माता पहुंचानी कहा जाता है। ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति गीतों के साथ माता को गांव में विराजमान किया गया। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामवासियों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ माता पहुंचानी कार्यक्रम को संपन्न किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक समरसता मजबूत होती है तथा आने वाले वर्ष के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# मोबाइल से दूरी और खेल व पढ़ाई में संतुलन की विधायक सावित्री ने दी सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कलार पारा छिन्दगांव में आयोजित संकुल कलंगपुरी संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह दी और साथ ही बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाए रखने की समझाइश देते हुए कहा कि कम उम्र में मोबाइल की आदत आगे चलकर पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार लगी रहती है, लेकिन खेल भावना के साथ भाग लेना सबसे महत्वपूर्ण होता है। विधायक ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं, आयोजन समिति और ग्रामवासियों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए प्रोत्साहित किया। प्राथमिक बालक 'अ' वर्ग में 80 मीटर दौड़ में खिलेश प्रथम व ओंकार द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में इंद्रेश प्रथम एवं खिलेश द्वितीय रहे। बोरा दौड़ में प्रशांत प्रथम व कुंदन द्वितीय रहे। लंबी कूद में अक्षय कुमार प्रथम एवं ओंकार द्वितीय रहे। प्राथमिक बालक 'ब' वर्ग में बोरा दौड़ में प्रशांत प्रथम, कुंदन द्वितीय, कुर्सी दौड़ में कौशल प्रथम, लक्की द्वितीय तथा मेंढ़क दौड़ में आकाश प्रथम व दिव्यांश द्वितीय रहे। प्राथमिक बालिका 'अ' वर्ग में 80 मीटर दौड़ में आंचल नरेटी प्रथम, दामिनी द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में वंदना प्रथम व लतिका द्वितीय रहीं। आलू दौड़ में जोगिता प्रथम, दामिनी द्वितीय तथा लंबी कूद में वंदना प्रथम, साधना द्वितीय रहीं। प्राथमिक बालिका 'ब' वर्ग में आलू दौड़ में जोगिता प्रथम, दामिनी द्वितीय, कुर्सी दौड़ में राधिका प्रथम, चेतना द्वितीय, रंगोली में प्राशा गोंयदा प्रथम, प्राशा पुजारीपारा द्वितीय एवं फुगड़ी में प्राशा कलार पारा छिन्दगांव प्रथम, सिवनी द्वितीय रही।

समारोह में अस्सीराम उइके, चमार सिंह केमरो, राजमन सिंह दुग्गा, नवयुवक सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य सत्येंद्र कुमार साहू, संकुल समन्वयक बृजभूषण सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



माध्यमिक वर्ग में बालक व बालिका वर्ग के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें माध्यमिक शाला सिवनी, पुजारीपारा, कलंगपुरी एवं स्कूल पारा छिन्दगांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## नई योजनाओं और सब स्टेशनों से बदली क्षेत्र की तस्वीर

# विद्युत वितरण कंपनी ने छग रजत जयंती धूमधाम से मनाई, बताई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विद्युत वितरण कंपनी धनेलीकन्हार के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को रजत जयंती के रुप में मनाया गया। यह सम्मान कार्यक्रम हल्बा समाजिक भवन धनेलीकन्हार में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र व दंतेश्वरी माता की प्रतिमा की पुजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंचुराम नायक ने कहा की छत्तीसगढ़ की स्थापना के समय विद्युत व्यवस्था में विस्तार के साथ साथ सुधार भी हुआ है। इस 25 वर्ष के कार्य खंड में इस क्षेत्र में पहले कांकेर सब स्टेशन से , डुमाली सब स्टेशन से विधुत की आपूर्ति होती थी। उस समय लाइट अवरोध होने पर बहाल होने में काफी वक्त लगता था, लेकिन जब से धनेलीकन्हार में सब स्टेशन बना है तब से व्यवस्था में भारी सुधार हुआ है। आज लाइट बंद तो होती नहीं है, होती भी है तो मिनटों में आ जाती है। समय के साथ साथ विभाग अपनी सेवाएं बेहतर की है।



कार्यक्रम में विशेष अतिथियों ने कहा की सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, एकल बत्ती कनेक्शन योजना जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने का अव्हान किया गया। इसके साथ हमें बिजली बचाने में जागरुक होना होगा । छत्तीसगढ़ की स्थापना के बाद तत्कालीन चुनावों में सरप्लस बिजली, तीन एचपी मोटर पंप की बीजली फ्री जेसी मुद्दे प्रमुख रहीं थीं । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधुत वितरण कंपनी ने ज्यादा ही सफलता प्राप्त की है। कार्यक्रम में बीपीएल, घरेलू, गैर घरेलू, कृषि पंप, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाओं के तहत सभी श्रेणियों के पांच पांच उपभोक्ताओं, लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किंडो ने जानकारी देते हुए बताया कि धनेलीकन्हार सब स्टेशन में दौड़ क्षमता को देखते हुए ग्राम कृष्टीकुर में सब स्टेशन का निर्माण किया गया है, साथ ही साथ ग्राम पोटगांव में सब स्टेशन की स्वीकृति मील चुकी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य, पुर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा पंचुराम नायक, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद सदस्य अशोक कचलाम, नितेश सलाम, पुर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, ग्राम के सरपंच मधु मंडावी, तालाकुर्रा के सरपंच विनोद रावटे, ग्राम के उपसरपंच वेद कुमार औरसा, सेवा निवृत्त प्राचार्य व पंच गजेन्द्र सिंह पोटाई, विजय कुमार नाग नीतू नेताम, हेमंत कुमार सुर्यवंशी, दीपक राज गंगबेर, विजय कुमार राय, कोमल नेताम, सुमित कुमार साहू, किशुन राम हिचामी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी व उपभोक्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### बकावंड में निकली गई स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान रैली

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के अंतर्गत लेप्रा सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता अभियान कुष्ठ विरोधी पखवाड़ा कुष्ठ विरोधी दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411